आकाशगंगा सब्जी मार्केट में प्रातः से की गई घेराबंदी, दुकान खोलकर आलू, प्याज सप्लाई करने वाले दो दुकानों को कार्यपालक मजिस्ट्रेट, पुलिस प्रशासन एवं जोन आयुक्त की उपस्थिति में किया गया सील

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आकाशगंगा सब्जी मंडी में आज प्रातः घेराबंदी कर दुकान खोल कर सामान एवं सब्जी देने वालों पर कठोर कार्रवाई की गई! शिकायत मिली थी कि आकाशगंगा सब्जी मंडी में दुकानदार अनावश्यक भीड़ लगाकर सब्जी एवं सामानों की सप्लाई कर रहे हैं! शिकायत प्राप्त होने के बाद योजनाबद्ध तरीके से आज प्रातः 4:00 बजे का समय निर्धारित किया गया! कार्यवाही करने के लिए सभी को सूचना प्रदान कर दी गई थी! ताकि अल सुबह मंडी का निरीक्षण करते हुए कार्रवाई की जा सके! कार्यपालक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस प्रशासन को भी इत्तिला कर दिया गया था! नगर निगम की मोबाइल टीम एवं पुलिस प्रशासन जब अकाश गंगा सब्जी मंडी पहुंची तब कुछ दुकानदार अपना शटर बंद करके इधर-उधर भागने लगे! इधर मैसर्स रामचंद्र लाल एंड कंपनी एवं श्री जगन्नाथ ट्रेडर्स द्वारा दुकान खोलकर तथा भीड़ बढ़ाते हुए आलू सप्लाई करने की शिकायत पर संयुक्त टीम पहुंची और लालचंद के दुकान के सामने रखे 48 बोरी आलू व जगन्नाथ ट्रेडर्स के दुकान के सामने विक्रय के लिए रखे हुए 21 बोरी आलू की जब्ती करते हुए दोनों दुकानों को सील बंद करने की कार्रवाई की गई एवं पंचनामा तैयार किया गया! उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने लॉकडाउन का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए हैं! आकाशगंगा सब्जी मंडी में आज कार्रवाई के दौरान कार्यपालिक मजिस्ट्रेट श्री योगेंद्र वर्मा , नेहरू नगर के जोन आयुक्त सुनील अग्रहरि, मोबाइल टीम के दल प्रभारी प्रकाश अग्रवाल , सहायक राजस्व अधिकारी संजय वर्मा एवं शरद दुबे, सुपेला थाना से एएसआई रजनीकांत दीवान , संतोष शर्मा, नारद लाल टांडेकर , भरत यादव, शैलेश मौर्या, भावेश पटेल, नितिन एवं सुरेंद्र पटेल सहित अन्य मौजूद रहे!